बाबा अंबेडकर पर टिप्पणी के मामले को लेकर कांग्रेस ने अलग-अलग प्रदर्शन कर आक्रोश प्रकट किया

कोटा, (निसं)। दलितों, वंचितों के प्रति भाजपा और जनसंघ की भावना संसद में गृहमंत्री की टिप्पणी से फिर उजागर हो गई बीजेपी और मातृ संस्था आरएसएस हमेशा से संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर और संविधान की विरोधी रही है। ये बात संविधान निर्माता के लिए टिप्पणी करने वाले गृहमंत्री के इस्तीफा की मांग करते हुए पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने कही है।

कोटा में इसी मामले को लेकर कांग्रेस के अलग-अलग धड़ों ने अलग-अलग प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश प्रकट किया है। विधायक शांति धारीवाल के नेतृत्व में सर्किट हाउस से बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बड़े और कलेक्ट्री चौराहे पर स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर विधायक शांति धारीवाल और कांग्रेस नेताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं एआईसीसी, पीसीसी के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों ने नयापुरा सर्किट हाऊस के बाहर इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट चौराहे तक पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्री चौराहे पर शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में अम्बेडकरजी की मूर्ति पर मालार्पण कर जिला कलेक्टर के माध्यम से गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा। उधर जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत, कांग्रेस नेता राजू पहाड़िया, जिला उपाध्यक्ष राजीव आचार्य, द्वारा कोटा कलेक्ट्रेट पर धरना आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कांग्रेस नेता लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल उपस्थित रहे।

भाजपा और जनसंघ ने संविधान में दलितों वंचितों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण का भी हमेशा विरोध

कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया।

किया:- कलेक्ट्री पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने कहा कि भाजपा और जनसंघ ने संविधान में दलितों वंचितों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण का भी हमेशा विरोध किया है कांग्रेस पार्टी हमेशा दलित और वंचितों के अधिकार के लिए संघर्ष करती आई हैं, देश भर में संविधान निर्माता के लिए की गई टिप्पणी को लेकर आक्रोश का माहौल है बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने केंद्र सरकार पर भी विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने संबोधन में जमकर हमला बोला उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों का गला काटकर उद्योगपतियों के ऋण माफ कर रही है एक उद्योगपति को बचाने के लिए पूरी सरकार जुटी भी है।

कोटा उत्तर विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस के आवा आयोजित हुए इस विरोध प्रदर्शन में पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, युवा नेता गर्वित धारीवाल कांग्रेस नेता राकेश सोरल, डॉ.जफर मोहम्मद, शिवकांत नंदवाना, देवा भड़क, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, ललित शर्मा विष्णु मेवाड़ा, महापौर मंजू मेहरा उपमहापौर सोनू कुरैशी, आबिद कागजी, शहर जिला उपाध्यक्ष अनिल सुवालका, पार्षद अनूप कुमार अन्नू, देवेश तिवारी, रविंदर सिंह हाड़ा समेत कांग्रेस पार्षद कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देश के गृहमंत्री अमित शाह नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे:- शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि लोकसभा में आयोजित संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगाँठ के विशेष चर्चा के दौरान मोदीजी के इशारे पर देश के गृहमंत्री अमितशाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकरजी का अपमान किया हम इसकी कटु शब्दो मे निंदा करते है उन्होंने कहा कि सत्ता के चूर में अमित शाह बौखला गए है मोदी सरकार दलित विरोधी है अमित शाह को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए उनको इस अपमानजनक टिप्पणी पर देश जनता से माफी मांगनी पड़ेगी अन्यथा बाध्य होकर कांग्रेसजन उग्र होकर सड़कों पर उतरेंगे। कांग्रेस नेता डॉ.विजय सोनी ने बताया कि पैदल मार्च और ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से महापौर मंजू मेहरा, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम, लाड़पुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू, कैथून नगरपालिका चेयरमैन आयना महक, मोइजुद्दीन गुड्डू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शालिनी गौतम, रफीक आदि मौजूद थे।

देश की जनता से माफी मांगे अमित शाह:- प्रहलाद गुंजल ने कहा कि इन्होंने अपना मंनसुबा लोकसभा चुनाव से पहले ही जाहिर कर दिया था जब इन्होंने नारा दिया था कि अबकी बार 400 पार। अगर उनकी लोकसभा में 400 के ऊपर सीटें आ जाती तो देश का संविधान पूरा ही खत्म कर दिया जाता पर उस समय

■ आरएसएस हमेशा से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान की विरोधी रही है : धारीवाल

संविधान प्रेमी लोगों ने उनके मनसुबों पर पानी फेर दिया जिसका उदाहरण देश के गृहमंत्री अमित शाह के भाषण में सुनने को मिला। जब उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी की और यह टिप्पणी ऐसे ही नहीं की गई इसके पीछे भी उनकी बहुत बड़ी चाल है देश की लोकसभा में जब अडानी को लेकर मामला गर्माया तो इन्होंने योजनाबद्ध तरीके से बाबा साहब का अपमान देश की संसद में किया जिससे अडानी का मामला दब सकें। धरने को प्रदेश महासचिव अनूप ठाकुर, प्रदेश महासचिव मंजूर तंवर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव आचार्य, पूर्व सेवादल अध्यक्ष मनोज दुबे, रामगंजमंडी कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र राजोरिया, संगठन महामंत्री राधेश्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंडन करवाया:- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री की टिप्पणी मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व पार्षद संजय यादव की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया एवं दो कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मुंडन करवाया। महावीर नगर तृतीय चौराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुये तृतीय चौराहे पर पहुंचे जहां सबसे पहले नारेबाजी के साथ देहात कांग्रेस के सचिव चेतन सोलंकी व चेतन यादव का मुंडन करवाया, उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री की शव यात्रा निकालकर पुतला जलाया।

मोनिका सिंह सर्वश्रेष्ठ महिला ट्रेडिशनल ड्रेस अवार्ड से सम्मानित

कोटा महोत्सव में श्रेष्ठ महिला ट्रेडिशनल ड्रेस अवार्ड से मोनिका सिंह को सम्मानित किया गया।

कोटा, (निसं)। कोटा महोत्सव 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को हेरिटेज वॉक में पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा परिधान पहनकर पूरे हेरिटेज वॉक में जोश और उत्साह के साथ शहरवासियों ने भाग लिया।

सर्वश्रेष्ठ ट्रेडिशनल ड्रेस फिमेल अवार्ड से सम्मानित:- कोटा महोत्सव के तहत हेरिटेज वॉक पाटनपोल स्थित बड़े मथुराधीशजी से प्रारंभ होकर गढ़ पैलेस, साबरमती, कैथूनीपोल, श्रीपुरा, सब्जीमंडी होती हुई रामपुरा पहुंची। हैरिटेज वॉक के बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेस महिला मोनिका सिंह को 4 हजार रुपए के खरीदारी के वाउचर दिए एवं कोटा महोत्सव का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी, विधायक संदीप शर्मा, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, महापौर राजीव अग्रवाल, डॉ.साकेत गोयल, व्यापार महासंघ महासचिव अशोक महेश्वरी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ महिला ट्रेडिशनल ड्रेस अवार्ड से मोनिका सिंह निवासी कांटाघर हाउस रेतवाली टिपटा को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय हैं कि मोनिका सिंह सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय कोटा में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदस्थापित नितेन्द्र सिंह चौहान की धर्मपत्नी है। इन्हें मिले सम्मान से पूरे परिवार जनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। मोनिका सिंह ने भी इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की पहल पर आयोजित किये गये भव्य कोटा महोत्सव के लिए लोकसभा अध्यक्ष एवं जिला प्रशासन कोटा का आभार व्यक्त किया।

मां भारती का फन फिएस्टा का आयोजन

कोटा, (निसं)। मां भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फन फिएस्टा का आयोजन किया गया। स्कूल का प्रांगण एक खूबसूरत मेले में तब्दील हो गया था, जहां हर तरफ उत्साह और उल्लास का माहौल था। बच्चों के लिए कई रोचक खेल जैसे बोलिंग, थ्रो रिंग एंड विन गिफ्ट्स, लक बाए चांस, पॉप द बैलून आदि के स्टॉल लगाए गए। खाने पीने के स्टॉल पर तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन मौजूद थे जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। अभिभावकों ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

सार-समाचार

''न्यू ट्रेंड्स इन ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन'' विषय पर सेमिनार

कोटा, (निसं)। नयागांव स्थित मोदी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में न्यू ट्रेंड्स इन ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी, प्राचार्य डॉ. विकास सोनी के द्वारा दीप प्रज्वालन के साथ हुआ। चेयरमैन सुशील मोदी ने बताया कि इस सेमिनार के मुख्य वक्ता नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, भोपाल के प्रोफेसर एन.पी.पाटीदार-डिपार्टमेंट ऑफ़ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग रहे द्य प्रो. एन.पी.पाटीदार ने पावर सिस्टम में नई तकनीक के बारे में बताया और साथ ही किस तरह से हम इलेक्ट्रिसिटी कंजप्शन को मिनिमाइज कर सकते हैं विषय पर इंजीन्यरिंग के विद्याथियों को विस्तृत व्याखान दिया। ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि इस तरह की तकनीक से देश का विकास एवं प्रकृति का संरक्षण होगा एवं इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के उभरते परिदृश्य न केवल समाज के उपेक्षित वर्गों को मुख्य धारा में लाने का माध्यम है बल्कि यह सतत विकास की प्राप्ति में सहायक है। अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विकास सोनी ने धन्यवाद देते हुए बताया कि इस तरह के सेमिनार से विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी नई तकनीक के बारे में जानने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक छत्री दृसहायक प्रोफेसर-इलैक्ट्रिकल इंजीन्यरिंग रहे।

बाबा श्याम का जागरण व भण्डारा आज

छबड़ा (निसं)। श्री श्याम सेवा मण्डल के तत्वावधान में बुधवार को भव्य जागरण, निशान यात्रा, विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को सुबह 9.30 बजे से नदी दरवाजा स्थित माहेश्वरी समाज मंदिर से भव्य निशान यात्रा और बाबा महाकाल की पालकी प्रारंभ होगी, जो मुख्य मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल स्टेशन रोड स्थित गायत्री मंदिर पर पहुंचेगी। यहां भोलेनाथ की बारात भक्तो को मंत्रमुग्ध करेगी। इस अवसर पर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक विशाल भण्डारा आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेगें। वही, शाम सात बजे कीर्तन शुरू होगा। जिसमें इंदौर की दुर्गा गामड, ग्वालियर के आशिष शर्मा व शिवानी शर्मा सहित स्थानीय भजन गायक बनवारी शर्मा द्वारा बाबा श्याम को भजनों के माध्यम से रिझायेंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया

छबड़ा (निसं)। कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन वरिश्ठ कांग्रेस नेता करणसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया गया। यहां राठौड़ ने कहा कि अमित शाह ने भीमराव अम्बेड़कर जो अपमान किया है, उसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोष हैं। यहां शाह को पद से हटाने की मांग की। यहां एडवोकेट चिरंजीवलाल भार्गव, रामदयाल लोधा, नंदकिशोर, गौरीशंकर, केसरीसिंह बना, सतीश मालव, लक्ष्मीचंद, भोजराज गुर्जर, षिब्बू दयाल यादव, जितेंद्र सिंह, भगवान लाल कोली, सत्यनारायण, रामलखन मीणा, जगदीश प्रसाद गौड, मानसिंह गुर्जर, लालजीराम, फूलसिंह मीणा, प्रकाश शंकर कॉलोनी, हरिराम मीणा, दीपक त्यागी, सुगनचंद मीणा, चंदन सिंह लोधा, रामबाबू भार्गव आदि मौजूद रहे।

अटल जनसेवा शिविर कल

छबड़ा (निसं)। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर गुरूवार को एसडीएम की अध्यक्षता में उपखंड स्तर पर पंचायत समिति में सुबह 10 बजे से सायं 4.30 बजे तक अटल जन सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उपखंड स्तर के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष को पुस्तक भेंट

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला को शक्ति नगर कार्यालय पर जाकर डॉ.भूपेंद्र कुमार राठौर निदेशक हाड़ौती संस्कृत अकादमी (संस्था) कोटा ने अपने द्वारा लिखित संस्कृत अध्यापक द्वितीय श्रेणी पुस्तक आज मंगलवार को भेंट की इस अवसर मुकेश नारायण, नरेंद्र मेघवाल बनवारी मेघवाल, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे। पुस्तक चौखम्बा संस्कृत सीरिज वाराणसी से नवम्बर 2024 में प्रकाशित हुई है।

ऊनी स्वेटर व जूते वितरित

छबड़ा (निसं)। उच्च प्राथमिक विद्यालय खानाखेडी (कोटरापार) विद्यालय में ऊनी स्वेटर व जूते वितरित किए गए। अध्यापक नेत्रपालसिंह चौधरी एवं रामराज मीना ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में मंगलवार को प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण मीना के नेतृत्व में स्वेटर व जूतों का वितरण किया गया। इस मौके पर बच्चे गर्म कपड़े व जूते पहन कर खुश दिखाई दिए।

भाजपा की बैठक आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। भैंसरोडगढ़ मंडल के मंडल अध्यक्ष सुनील जैन, मंडल प्रभारी श्याम लाल शर्मा विजयपुर के नेतृत्व में बुधवार को बालाजी मंदिर बोराव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की मीटिंग आयोजित हुई।

लाखों के आभूषण चोरी के आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने एक मकान में लाखों के जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए फरियादी के पडौसी युवक सहित उसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मकान मे चोरी का मास्टर माइंड फरियादी का पडौसी युवक बंटी निकला।

पुलिस ने पकडे गये आरोपियो के कब्जे से चुराये हुए सोने चांदी के जेवरात बरामद किये है। पकडे गये आरोपियों के विरूद्ध शहर के अन्य थानों में कई अपराधिक मामले दर्ज है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि रेलवे कॉलोनी इलाके के सोगरिया में मकान में हुई चोरी की वारदात सामने आने पर अज्ञात चोरों की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन एवं रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व मे टीम का गठन किया। गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए संदेह के आधार पर फरियादी के पडौसी युवक बंटी से पूछताछ की जिसने पूछताछ मे अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर नशे की लत को पूरा करने के लिये चोरी की

कोटा पुलिस ने नकबजनी के आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

वारदात को करना कबूला। पुलिस टीम ने मामले मे कार्यवाही करते हुए सोगरिया निवासी बंटी, कुन्हाडी निवासी विष्णु उर्फ नासा, शिवराज केवट और गामच फाटक निवासी अजय केवट को गिरफ्तार किया।

वारदात का तरीका:- शहर एसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बंटी जो फरियादी कृष्णगोपाल का पड़ौसी है। जिसे अपने पडौसी के परिवार सहित उत्तरप्रदेश शादी मे जाने का पता था। बंटी ने अपने तीन अन्य साथी विष्णु, शिवराज, अजय, के साथ मिलकर पडौसी कृष्ण गोपाल के मकान मे चोरी करने की योजना बनाई। शहर एसपी ने बताया कि पकडे गये आरोपियों से पूछताछ मे सामने आया कि 13 दिसम्बर की रात्रि को चोरी की वारदात करने से पहले बंटी ने मकान मे सो रहे रवि को फोन लगाया जब रविशंकर ने फोन नही उठाया तो बंटी को विश्वास हो गया कि रविशंकर नीचे कमरे मे सो

■ पड़ौसी युवक मास्टरमाइंड निकला

गया है। शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि चारों फरियादी के घर के पिछले दरवाजे से मकान मे प्रवेश कर दूसरी मंजिल छत पर पहुंचकर कुंडी तोड़कर दूसरी मंजिल पर बने कमरे मे प्रवेश कर अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गये।

यह था मामला:- रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि फरियादी सोगरिया निवासी कृष्ण गोपाल तिवारी ने 15 दिसम्बर को थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट मे कहा था कि अपने एक बेटे रवि को छोडकर पूरा परिवार उत्तरप्रदेश में विवाह समारोह मे शामिल होने के लिये गया था। फरियादी ने रिपोर्ट मे कहा कि उसके बेटे रवि ने 13 दिसम्बर को फोन पर मकान के ऊपर वाले कमरे मे चोरी होने की सूचना दी। जिस पर वह कोटा पहुंचे फरियादी ने रिपोर्ट मे अज्ञात चोरों के खिलाफ अलमारी का ताला तोडकर आभूषण चोरी का मामला दर्ज कराया था।

छात्राओं को कौशल विकास सामग्री बांटी

छबड़ा (निसं)। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को व्यवसायिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की हेल्थकेयर ट्रेड की 29 छात्राओं को कौशल विकास सामग्री (हेल्थ केयर किट) का चिकित्सक किरण मीणा एवं त्रिलोकचंद मीणा के मुख्य आतिथ्य में वितरण किया गया।

उप प्रधानाचार्य ओमनारायण गालव, सीमा खंडेलवाल वरिष्ठ अध्यापक एवं दिलीप मीणा द्वारा मुख्य अतिथि आदि का स्वागत किया गया। व्यवसायिक शिक्षा कौशल मित्र पप्पूलाल व्याख्याता द्वारा मंच संचालन किया एवं वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक अभिषेक योगी द्वारा व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित डॉक्यूमेटेरी का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्य अतिथि डॉ. मीणा द्वारा अपने संबोधन में बुलेट ट्रेन थीम पर आधारित टॉयलेट के शेष कार्य को पूर्ण करवाने के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। त्रिलोकचंद एवं उनकी मेडिकल टीम द्वारा छात्राओं को हेल्थकेयर किंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

आज की वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत नौजवानों की महती आवश्यकता : हीरालाल नागर

कोटा, (निसं)। आज की वैश्विक परिस्थितियों में राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत नौजवानों की महती आवश्यकता है। विद्या भारती संस्थान ऐसे ही संस्कारयुक्त आदर्श नवयुवक तैयार करने का काम कर रहा है। यह बात राजस्थान सरकार में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को महावीर नगर स्थित श्रीरामशांताय सभागार में कही। वे विद्या भारती संस्थान की ओर से आयोजित तीन दिवसीय आचार्य सम्मेलन के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी गजेंद्र सुमन ने की।

वहीं मुख्यवक्ता विद्या भारती संस्थान के प्रदेश सह-संगठन मंत्री गोविंद कुमार थे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि विद्या भारती के स्कूल राष्ट्रवादी और संस्कारयुक्त नागरिक तैयार करने कार्य कर रहे हैं। देश में सरकारी तंत्र के बाद शिक्षा का सबसे बड़ा माध्यम विद्या भारती शिक्षण संस्थान से जुड़े स्कूल ही हैं। जो नगरों, कस्बों के साथ ही सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों, जनजातीय इलाकों और पिछड़ी बस्तियों में भी एकल विद्यालय व संस्कार केन्द्र के माध्यम से शिक्षा देने का काम कर रहे हैं।

शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। वे समाज की बुनियादी इकाई को सशक्त बनाते हुए विद्यार्थियों के चरित्र, नैतिकता और राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी मनोविज्ञान पर आधारित शिक्षण पद्धति के द्वारा आदर्श मानव के विकास की संकल्पना पूर्ण होना संभव नहीं है। मैकाले द्वारा तैयार शिक्षा पद्धति से अपनी संस्कृति और सभ्यता से नफरत करने वाले नागरिक तैयार होते रहे।

काव्य संगोष्ठी आज

झालावाड़ (निसं)। राज्य सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष 25 दिसम्बर 2024 को सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा ने बताया कि झालावाड़ जिले में 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर प्रात: 11 बजे काव्य संगोष्ठी का आयोजन होगा।

क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास से मनाया

रामगंजमण्डी (निसं)।मोड़क मंगलम विद्या विहार में मंगलवार को क्रिसमस पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रेम आशा आनंद व शांति के प्रतीक के रूप में मोमबत्तियां जलाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंगलम सीमेंट प्रेसीडेंट सुनील सचान व विशिष्ट अतिथि मंगलम सीमेंट सीनियर जॉइंट प्रेसिडेंट (कॉमर्शियल) अनिल मण्डोत रहे।अतिथियों के रूप में खैराबाद ब्लॉक की सीबीईओ कीर्ति मेहरोत्रा तथा अनामिका पंडिया उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य गोविंद शर्मा के शुभकामना संदेश के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों को पूरे वर्ष हुई गतिविधियों व उपलब्धियों से अवगत करवाया तथा क्रिसमस व नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गीतों नाटक व नृत्यों के द्वारा प्रभु यीशु के जन्म की रंगारंग झांकियां प्रस्तुत की।

सेंटा ने सभी बच्चों को उपहार दिए जिन्हें पाकर बच्चे चहक उठे।अतिथियों के द्वारा प्रभु यीशु के आदर्शों पर चलने का आव्हान करते हुए सभी को क्रिसमस व नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार राजस्थान की खुशहाली के लिये कृतसंकल्पित : सांसद सी.पी.जोशी

कोटा, (निसं)। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होनें के अवसर पर कोटा शहर जिला भाजपा के तत्वाधान में मंगलवार अपराह्न मे पत्रकारवार्ता आयोजित कर भजनलाल शर्मा सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को मुख्यवक्ता चितौड़गढ़ के सांसद सी.पी.जोशी नें प्रमुखता से बताईं। पत्रकारवार्ता में शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन नें पार्टी का दुप्पट्टा पहना कर जोशी का स्वागत किया।

पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुये लोकसभा सांसद सी.पी.जोशी नें कहा कि राजस्थान की जनता ने जिस विश्वास से 2023 में भाजपा को बहुमत देकर राज्य में भाजपा सरकार बनानें का अवसर दिया था, भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार उसे पूरे परिश्रम के साथ पहले ही दिन से पूरा करनें मे जुटी हुई है। इस सरकार के द्वारा पहले वर्ष में ही ऐतिहासिक एवं गौरवमयी उपलब्धियों एवं संकल्पों के साथ डबल इंजन की सरकार होना साकार किया है। जोशी नें कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने राजस्थान के महत्वाकांक्षी विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिये 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनानें का लक्ष्य रख कर कार्य प्रारम्भ किया है। जो राजस्थान के राजस्थान के अभूतपूर्व उन्नयन एवं प्रगति के लिये स्वागत योग्य कदम है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पानें के लिये '' राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट'' का आयोजन कर 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हुये है।

इस निवेश को राजस्थान की धरती पर उतारनें हेतु 23 देशों और 19 प्रदेशों के व्यापारियों एवं कंपनियों के साथ लगातार सम्पर्क में रहने के लिये राजस्थान सरकार के उच्च अधिकारियों को लगाया गया हैं। इसी क्रम में सरकार नें दस नीतियां भी घोषित कीं है, जो राजस्थान में लक्ष्य प्राप्ती एवं जनसेवा में अग्रणी बनायेंगी। लोकसभा सांसद जोशी नें कहा कि पूर्वी राजस्थान के व्यापक कृषिहित एवं पेयजल आपूर्ती से जुड़ी ''पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना'' को कांग्रेस न हमेशा अटकानें का काम किया, मध्यप्रदेश के कांग्रेस मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इसका विरोध किया था मगर भाजपा की डबल इंजन की सरकार आते ही इस पर द्रुतगति से काम प्रारम्भ किया मध्यप्रदेश से समझौता किया और अब 21 जिलों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं लगभग चालीस प्रतिशत आबादी को शुद्ध पेयजल आपूर्ती होगी एवं आद्यौगिक क्रियाकलापों के लिये भी पानी मिलेगा। ''पार्वती काली सिंध चम्बल लिंक परियोजना'' से 2 लाख 51 हजार हेक्टर भूमि का नया सिंचित क्षेत्र तैयार होगा एवं 1.52 हजार हेक्टर सिंचित भूमी का पुर्नउद्धार होगा। जिससे सिंचित क्षेत्र के विकसित होनें पर राजस्थान के किसानों की कई पीढ़ियों के लिये विकसित अर्थोपार्जन का साधन बनेगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छूने जा रहा है। जबकि कांग्रेस शासन में कोयला खरीद और बिजली खरीद में घोटाले हुआ करते थे बिजली आपर्ती भी बाधित रहती थी। अब भजनलाल शर्मा सरकार बिजली उत्पादन के क्षैत्र में परम्परागत विद्युत उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ बड़े पैमानें पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन पर काम कर रही है। इससे आने वाले भविष्य में राजस्थान बिजली में आत्म निर्भर ही नहीं बल्कि बिजली का विक्रय करने वाला प्रदेश भी बनने जा रहा है। जोशी ने कहा कि जहां गत कांग्रेस सरकार में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ होता था, आये दिन पेपरलीक होते थेड़। वहीं भजनलाल शर्मा सरकार नें आते ही पेपरलीक मॉफियाओं सहित 200 के लगभग गिरफ्तारियां की है। इसके साथ-साथ प्रदेश में युवाओं को नौकरी देनें एवं रोजगार के अवसर सृजन की दिशा में भी बड़े कदम उठाये गये है। राज्य सरकार नें 43 हजार नियुक्तियां देनें के साथ ही 1 लाख 78 हजार से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। वहीं राज्य के 2.95 लाख युवाओं के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किये गये है। वहीं औद्यौगिक विकास हेतु 11 औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा रहे है और 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनाये जायेंगे। जो राज्य में उत्पादन एवं पर्यटन के साथ-साथ विकास एवं रोजगार सृजन के नये आयाम स्थापित करेगा।

जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आते ही आयुष्मान आरोग्य योजना प्रारम्भ की, किसान सम्मान निधि की तरह ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि प्रारम्भ कर 2000 रूपये खाते में डाले जायेंगे। गेहूं की समर्थन मूल्य खरीद पर प्रति क्विंटल 125 अतिरिक्त दिया गया, प्रधानमंत्री उज्जवल्ला योजना एवं बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 450 रूपये में घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर दिया जायेगा। इसी के साथ राजस्थान सरकार नें चुनाव घोषणा पत्र की 50 प्रतिशत घोषणायें पूरी कर चुकी है। इस तरह से भजनलाल शर्मा सरकार ने पहले वर्ष में ही ऐतिहासिक कार्य एवं निर्णय कर जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरनें का काम किया है।